## एक नजर में

### थाना निंबोला पुलिस ने लूट गैंग का किया पर्दाफाश, चार सदस्यों को गिरफ्तार

**बुरहानुपर।** फरियादी शशिकांत पिता रविन्द्र पाटील उम्र 40 साल निवासी खडकी घाट जिला बीड महाराष्ट्र ने दिनांक 12/11/2025 को लिखित रिपोर्ट किया था कि मै और मेरे मित्र शिवशंकर विठ्ठल जंगले और सत्यम पोपट वाघमारे तीनो दिनांक 25/10/2025 को गन्ना कटाई करने वाले मजदूरों को लेने के लिए खातला फाटा, बुरहानपुर आए थे जब हम चाय पीने के लिए एक होटल पर रुके थेए हम आपस में बातें कर रहे थे,तभी हमारे बगल के होटल में बैठा एक अनजान आदमी हमारे पास आया और पूछा आप यहां क्यों आए हैं, मैंने उससे उसका नाम पूछा और उसने मुझे अपना नाम देवेंद्र सिंह भास्कर, ग्राम उतांबी, तहसील नेपानगर बताया। हमारी बातचीत हुई। फिर मैंने उसे बताया कि हम यहां गन्ना कटाई के लिए लेबर देखने आए हैं। तब देवेंद्र सिंह भास्कर ने हमें बताया कि मेरे पास 15 जोड़ी गन्ना कटाई करने वाले मजदूर हैं। जब मैंने उससे उन 15 जोड़ी गन्ना कटाई करने वाले मजदूर को दिखाने के लिए कहा तो उसने हमसे कहा मैं आपको जोड़े दिखा दूंगा 15 जोड़ी के लिए 30,000/- कमीशन लूंगा, फिर मैंने उससे कहा पहले मुझे लोग दिखाओए मैं तुम्हें कमीशन दूंगा,फिर वह और उसके साथी हमें जोड़ी दिखाने के बहाने होटल से लगभग 10 से 15 किलोमीटर दूर खातला फाटे के पास जंगल में ले गए। वहाँ पहुँचकर उन्होंने अपनी गाड़िया रोकीं और हमसे कहाए अब तुम हमारे चंगुल में हो मारपीट कर हमारे पास का सामान छीनने लगे। जिसमें शशिकांत रवींद्र पाटिल से एक चांदी का कंगन वजन 40 ग्राम किंमत लगभग 12,000/-रुपयेए नकद 6,000/- रुपये और वीवो कंपनी का मोबाइल किंमत लगभग 10,000/- और फोनपे नंबर 9503230456 से, कुल रुपए 95000/- कुल मिलाकर 1,23000/- रुपयेए शिवशंकर पिता विठ्ठल जंगले की दो ग्राम सोने की धातु की बालीए लगभग किंमत 16,000/-गले में दो तोले चांदी की चेन, किमत लगभग 4,000/- नकद राशि 4,000/-और वीवो कंपनी का मोबाइल किंमत लगभग 15,000/-और फोनपे नंबर 8080919517 से कुल 91,000/- रुपये कुल मिला के 130000/- रुपए और सत्यम पोपट वाघमारे का वीवो कंपनी का मोबाइल लगभग किंमत 15,000/-मूल्य का कुल। 2,68,000/-रुपये का माल हमारे साथ मारपीट कर लूट लिया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना निंबोला पर अपराध क्रमांक 380/25 धारा 309;6,31,4 बीएनएस का देवेन्द्र भास्कर व अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया।

**पुलिस द्वारा कार्रवाई:**-उपरोक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार ने मामले के अज्ञात आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के पालन में अनुविभागिय अधिकारी पुलिस नेपागनर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निंबोला राहुल कामले के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना दिनांक से ही लगातार आस पास के सीसीटीव्ही फुटेज,स्थानीय लोगो से पूछताछ तथा साइबर सेल की मदद से टेक्निकल इनपुट एकत्रित कर एवं मुखबीर की सूचना के आधार पर खातला फाटे से 04 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया आरोपियों से पूछताछ करते हुए आरोपियों द्वारा महाराष्ट्र से आये शशिकांत पिता रविन्द्र पाटील एवं उसके साथियों से लूट करने की घटना का जुर्म करना स्वीकार किया गया। गैंग के अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### विश्व एड्स दिवस जागरूकता रैली का आयोजित

**बुरहानपुर।** जिला स्वास्थ्य एड्स नियंत्रण इकाई जिला बुरहानपुर के द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बुरहानपुर,बिम्ट्स महाविद्यालय,सेवासदन महाविद्यालय,गुरुगोविन्द सिंह महाविद्यालय, शासकीय छत्रपति शिवाजी महाविद्यालय,शासकीय सावित्रीबाई फुले उ.मा.विद्यालय,अरुणोदय लोककल्यानकारी संस्था, विहान संस्था,विश्वाश संस्था एवं समस्त एड्स कर्मचारी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली का प्रारम्भ सावित्री बाई फुले शाला से प्रारम्भ होकर कमल टाकिज चौराहा,गाँधी चौक ,नेताजी सुभाष चौक,मंडी चौराहा,टेम्पो स्टेंड ,जय स्तंभ से होते हुए शिवकुमार चौराहा से निकलकर शासकीय सावित्रीबाई फुले उ.मा.विद्यालय में समापन सभा में परिवर्तित हुई स

### बाघ गणना . जिले में मांसाहारी वन्यप्राणी अधिक इसलिए तीसरे चरण में भी होगी गणना

**नेपानगर।** इस माह राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून द्वारा देशभर में बाघों की गणना की जाएगी। इसे लेकर पिछले कुछ दिनों से वनकर्मियों को ट्रेनिंग देने का दौर चल रहा है। खास बात यह है कि बुरहानपुर जिले में मांसाहारी वन्यप्राणी अधिक हैं इसलिए यहां गणना तीन चरणों में होगी। गणना 18 दिसंबर से शुरू होगी। सोमवार को नेपानगर रेंज के वनकर्मियों को ट्रेनिंग दी गई। गणना को लेकर जिलेभर में ट्रेनिंग हो रही है। जिले की आठ रेंज नेपानगर, असीरगढ़, धूलकोट, बुरहानपुर, खकनार,बोदरली, शाहपुर और नावरा में वनकर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके बाद वन्यप्राणी विशेषज्ञ गणना करेंगे। उनके बाद तीसरे चरण में कैमरे ट्रेपिंग के माध्यम से गणना की जाएगी।

**4 साल में होती है गणना:**-वन विभाग की ओर से हर चार साल में एक बार बाघ की गणना कराई जाती है। इस साल यह काम दिसंबर माह में होने वाला है। 18 दिसंबर से यह गणना लगातार छह 6 दिनों तक चलेगी। वन अफसरों के अनुसार गणना के पहले तीन दिनों में प्रत्येक बीट में ट्रांजेक्ट लाइन पर शाकाहारी वन्य प्राणियों की गणना और उनके साक्ष्य एकत्र किए जाएंगे। अगले तीन दिनों में बाघ सहित अन्य मांसाहारी वन्य प्राणियों की गणना और उनके साक्ष्य जुटाए जाएंगे। यह पूरी गणना एम.स्ट्रीप मोबाइल ऐप के माध्यम से होगी।

**नेपानगर के वनकर्मियों को दी ट्रेनिंग:**-सोमवार को नेपानगर रेंज के वनकर्मियों को ट्रेनिंग दी गई। एसडीओ विक्रम सुलिया ने बताया कि नेपानगर परिक्षेत्र में अखिल भारतीय बाघ आकलन की ट्रेनिंग दी गई जिसमें मांसाहारी वन्यप्राणी, शाकाहारी वन्यप्राणियों की गणना किस प्रकार की जाना है यह बताया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव : श्रीमद्भगवद् गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम परमानंद गोविंदजी वाला ऑडिटोरियम बुरहानपुर में आध्यात्मिक वातावरण के साथ आयोजित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, पुष्पार्पण एवं पूजन कर किया गया। कार्यक्रम में मूक.बधिर विद्यालय के बच्चों द्वारा आकर्षक गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में संत.महात्माओं का विशेष स्वागत हुआ।

श्रीराम गुरूकुल खड़कोद के बालाचार्यों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। जिन्हें श्रीमद्भगवद् गीता का 15वां अध्याय कंठस्थ है। कार्यक्रम में उपस्थित बाला चार्यों, संत.महात्माओं, जन प्रतिनिधि यो, अधिकारियों, कर्मचारियो, गणमान्य नागरिकों, विद्यार्थियों सभी ने गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक रूप से पाठ किया एवं गीता जी की आरती भी की गयी।

कार्यक्रम अवसर पर संतजनों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन से उपस्थितजनों को लाभान्वित किया। राम झरोखा मंदिर के प्रमुख श्री महन्त स्वामी नर्मदा नंदगिरी महाराज ने अपने आशीषवचन में कहा कि आज आनंद का दिन हैए आज हम गीता जयंती महोत्सव मना रहे है। उन्होंने श्रीमद्भगवद् गीता के उपदेशों एवं इतिहास बताते हुए, महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने शासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि शासन धर्म, संस्कृति और जनकल्याण के लिए निरंतर सकारात्मक कार्य कर रहा है। गीता का उद्देश्य मानव जीवन को सार्थक और आदर्श बनाना है। इस अवसर पर पं.आदित्य शर्मा ने भी गीता महात्म्य के बारें में बताया।

महापौर श्रीमती माधुरी पटेल ने उपस्थितजनों को गीता महत्व बताते हुए, उपदेशों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों को संस्कृति से जोड़ने एवं समाज के उज्ज्वल भविष्य का माध्यम है।

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने गीता के उपदेशों एवं श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को शासन से प्राप्त पुरूषोत्तम योग , श्रीमद्भगवद् गीता योगेश्वर श्रीकृष्ण का उपदेशामृत वितरित किया गया।

कार्यक्रम में पं.गजेन्द्र शास्त्री, पं.बाल्या महाराज,पं. शैलेन्द्र महाराज, पँ.सुरेश तिवारी, पं.राजेन्द्र मिश्रा, अन्य संत.महात्मा, महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती अनिता यादव, नगर परिषद शाहपुर अध्यक्ष श्रीमती साधना तिवारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, अन्य जन प्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकगण, कलेक्टर श्री हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान, आरोग्य प्रमुख. मालवा प्रांत विश्व गीता प्रतिष्ठानम् डॉ. शिवकुमार आचार्यए समस्त विभागों के अधिकारी. कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें उपस्थित रहे। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज शासकीय महाविद्यालय बुरहानपुर में भी अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित रहा।

## गीता जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर।गीता सत्संग समिति बुरहानपुर के तत्वाधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शाकंभरी माता मंदिर आदर्श कॉलोनी में गीता जयंती मनाई गई समिति के प्रचारक रामकुमार अग्रवाल ने बताया कि दोपहर 12.00 बजे भगवान श्रीकृष्ण के पूजन कर समिति के सदस्य गण एवं धर्म प्रेमी जनता द्वारा गीताजी के 18 अध्याय के पाठ का संस्कृत में सभी ने वाचन किया गया ।

शाम 4.30 बजे पाठ के वाचन के समाप्ति के बाद आरती एवं मंत्र पुष्पांजलि हुई। तत्पश्चात प्रसादवितरणकिया गया। समिति के संरक्षक श्री लक्ष्मणजी पोद्दार द्वारा सभी श्रद्धालुओं को गीताजी की पुस्तक भेंट की गई। गीता जयंती उत्सव कार्यक्रम में समिति के सदस्यों के साथ.साथ प्रतिभाबेदी का विशेष पूर्ण सहयोग रहा।

## निजी चिकित्सालय में महिला की मौत पर क्रमिक भूख हड़ताल शुरू

**पीड़ित परिवार के सदस्यों ने कहा -कि जब तक कार्रवाई नही,तब तक जारी रहेगी क्रमिक भूख हडताल ।**

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। लालबाग रोड स्थित एक निजी अस्पताल में गर्भाशय के ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत के मामले में पीड़ित परिवार ने मोर्चा खोल दिया है। 11 नवंबर को हुई इस घटना में कार्रवाई न होने से नाराज परिजन और रिश्तेदार सोमवार से शनवारा गेट के पास क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। परिजनों का आरोप है कि 21 दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है,जबकि मामले की जांच के लिए कलेक्टर ने समिति भी गठित की थी।

मृतका वैष्णवी नागेश चौहान के रिश्तेदार महेश सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि निजी अस्पताल में घोर लापरवाही बरती गई। उन्होंने कहा कि वैष्णवी के गर्भाशय ऑपरेशन के दौरान ऑपरेशन थिएटर में बीयूएमएस डॉक्टर, अस्थि रोग विशेषज्ञ और चार अन्य पुरुष डॉक्टर मौजूद थे,जिनका उस अंग के ऑपरेशन से कोई संबंध नहीं था। महेश सिंह चौहान ने इसे लापरवाही द्वारा की गई हत्या बताया और अस्पताल को सील करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 21 दिनों में कोई कार्रवाई नहीं हुई है, इसलिए वे मजबूरी में हड़ताल पर बैठे हैं।

घटना के बाद पुलिस ने महिला डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया था। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, नेपानगर विधायक मंजू दादू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर हर्ष सिंह से मुलाकात कर मामले की जांच की मांग की थी। इसके बाद कलेक्टर ने अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान के नेतृत्व में एक जांच समिति का गठन किया है,जो पूरे मामले की जांच कर रही है। इस बीच अन्य पीड़ित भी सामने आए और अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग उठाई। पिछले दिनों डिप्टी कलेक्टर सृजन श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर सोमवार से क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी गई थी।

## सांसद खेल महोत्सव : शतरंज टूर्नामेंट का सफल समापन

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिले में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के प्रेरणा और मार्गदर्शन में आयोजित सांसद खेल महोत्सव.2025 अंतर्गत हुए शतरंज टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। इस शतरंज प्रतियोगिता ने बुरहानपुर और आसपास के क्षेत्रों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। ओपन कैटेगरी के विजेताओं का सम्मान:-टूर्नामेंट के समापन समारोह मेंए बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। ओपन कैटेगरी में 5 शीर्ष खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिसमें प्रथम सागर पाहुजा, द्वितीय जय बजाज, तृतीय समीर शर्मा, चतुर्थ रोशन गगनानी,पंचम स्थान पर प्रिंस सेठिया रहे। इसी कड़ी में बालक वर्ग में यश विश्वकर्मा प्रथम, वैभव सिंह द्वितीय, अनुराज भंडारे तृतीय, प्रथम इंगले चतुर्थ एवं विकास सिंह पांचवे स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर पहली सालवी, द्वितीय खुशी ठाकुर,तृतीय अनन्या भावसार, चतुर्थ रिद्धिमा विश्वकर्मा, पांचवे स्थान पर जागृति वानखेडे रही। इसी क्रम में महिला वर्ग में शबाना बेदी ने पहला, बतुल खान बहादुर ने दूसरा, उर्वशी शर्मा ने तीसरा, निंजा सेठिया ने चौथा, एवं योगिता सालवी ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। समापन अवसर पर समस्त विजेता,उपविजेता एवं सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों को बधाई दी गयी।

## जहां तक बने छोटे-छोटे बातों को भूल जाना ही अच्छा रहता है : मुखियाजी

**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** तीसरे दिन कथा में भागवत भूषण श्री हरि कृष्णा भाई मुखिया जी ने नरसिंह अवतार की कथा के अंदर चौकसे परिवार के प्रांगण में कहा कि जहां तक बने छोटे.छोटे बातों को भूल जाना ही अच्छा रहता है छोटी.छोटी बातों को मन पर नहीं लाना चाहिए।

तीव्र स्मरण शक्ति यदि जीवन का वरदान है तो कुछ बातों को विस्मृत करना भी जीवन की एक श्रेष्ठ कला है। जीवन को सब कुछ याद रखकर ही आनंदपूर्ण नहीं बनाया जाता अपितु जीवन को आनंदमय बनाने के लिए बहुत कुछ विस्मृत भी करना पड़ता है। हम बच्चों को बहुत सारी बातें सिखाते हैंए लेकिन उनसे कुछ नहीं सीख पाते। बच्चों से भूलने की कला भी हमको सीखनी चाहिए। हम बच्चों पर गुस्सा करते हैं,उन्हें डांटते भी हैए लेकिन बच्चेथोड़ी देर बाद उस बुरे अनुभव को भूल जाते हैं। इसी तरह जो बुरा हैए जो गलत हैए जो कड़वा है,जो स्मृतियाँ हमारे जीवन आनंद में विघ्न उपस्थित करने वाली हैं, उसे भूल जाना भी जीवन की एक श्रेष्ठ कला है। जो जितना बुरी स्मृतियों को पकड़ा रहता है,वो उतना ही दु:खों से जकड़ा रहता है। मधुर स्मृतियाँ भी जीवन को मधुरता प्रदान करती हैं। जीवन में यह जरूरी नहीं हर बार शरीर की जांच खून कैल्शियम विटामिन की कीजा,कभी व्यक्ति की भी रिपोर्ट करवा कर देखना चाहिए क्या पता उसमें करुणा मानवता दोस्ती व्यावहारिकता इंसानियत की कमी पाई जाए।

## सायबर सेल की त्वरित कार्रवाई करते 7,85,000 रूपये पीड़ित के खाते में लौटे

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** शिकायतकर्ता दीपक कुमार काले निवासी न्यु आदर्श कालोनी लालबाग द्वारा थाना लालबाग को आवेदन प्रस्तुत किया गया था। शिकायत में बताया गया कि फरियादी द्वारा एपीके फाईल डाउनलोड करने के बाद ऐप का अनाधिकृत एक्सेस अज्ञात फ्रॉडस्टर द्वारा प्राप्त कर लिया गया।उक्त ऐप के माध्यम से फ्रॉडस्टर ने प्डचै ट्रांज़ैक्शनों के जरिए पीड़ित के खाते से कुल 12,75,000/- रूपये की धोखाधड़ी कर ली।

शिकायतकर्ता के खाते से रुपयो का अंतरण होते ही पीड़ित तुरंत ही थाना लालबाग मे अपनी शिकायत करने पहुचे जिस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में थाना प्रभारी लालबाग अमित सिंह जादौन तथा आरक्षक दीपान्शु पटेल ;सायबर हेल्प डेस्क द्वारा शिकायत को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल नेशनल सायबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल ;छब्च्द्ध पर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में साइबर सेल टीम प्रभारी प्रीतम सिंह ठाकुर आरक्षक दुर्गेश पटेल, सत्यपाल बोपचे, ललित चौहान,शक्तिसिंह तोमर द्वारा विभिन्न बैंक, से निरंतर समन्वय स्थापित किया गया। टीम के त्वरित व प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप फ्रॉड की गई राशि में से 8,85,330/- को सफ्लतापूर्वक होल्ड कराया गया तथा विधिक एवं तकनीकी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए उक्त राशि पीड़ित दीपक कुमार काले के बैंक खाते में सुरक्षित रूप से रिफ्ंड करा दी गई।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने साइबर सेल टीम एवं थाना लालबाग की संयुक्त कार्यवाही की सराहना करते हुए उन्हें प्रकरण निराकरण हेतु उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी है।

**आमजन हेतु साइबर सुरक्षा सलाह:**-किसी भी संदिग्ध ईमेलए लिंक या ऐप पर क्लिक न करें। अपनी बैंकिंग जानकारी,ओटीपी पासवर्ड या यूपीआई पीन किसी भी व्यक्ति को न दें। केवल आधिकारिक कस्टमर केयर नंबरों से ही संपर्क करें। यदि कोई ऑनलाइन फ्रॉड हो जाए तो तुरंत 1930 पर कॉल करें या एप पर शिकायत दर्ज कराएं। तुरंत शिकायत करने से राशि रिकवरी की संभावना बढ़ती है। सतर्क रहें ! सावधान रहें ! सायबर सुरक्षित रहें ! साइबर सेल जिला बुरहानपुर ।

## पहला पुरस्कार 3 ग्रुप कप्तान संजय मेन को बधाईयां

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** संगीत साधना का पहला प्रयास सार्थक एवं सराहनीय रहा' उम्मीद से हट कर कार्यक्रम सफ्ल एवं शानदार रहा जिले में पहला ऐसा अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिस की सभी ने प्रशंसा की। संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी द्वारा समय समय पर विशेष अनूठे आयोजन किए जाते रहे है, आज शाम को अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिस ने बी ग्रुप के लीडर संजय मेन ने खिताब जीता उन्होंने । ग्रुप को 5 अंकों से पराजित कर मेडल अपने टीम के नाम किया। ग्रुप के लीडर सुदामा इंगले ने अपनी हार स्वीकार कर सभी ठ ग्रुप के सदस्यों को बधाई प्रेषित की। एक से बढ़कर एक गीत कभी सुने नहीं होंगे । ऐसे गीत अंताक्षरी में आज सुनने को मिले सभी ने बहुत आनंद लिया एवं कार्यक्रम को सफ्ल बनाया निर्णायक एवं अथिति के रूप में वरिष्ठ सदस्य ठाकुर वीरेंद्र सिंह चित्रकार उपस्थित थे। उन्होंने एहम भूमिका निभाई। अध्यक्ष विलास गोसावी ने विजेता टीम का स्वागत किया एवं मेडल देकर सम्मानित किया। अंत में राष्ट्रीय गान जनगणमन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

## गीता जयंती श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक गरिमा से मनाई

**नवभारत न्यूज,**

**नेपानगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस में सोमवार को गीता जयंती श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महा विद्यालय की प्राचार्य व संरक्षक डॉ मनीषा साकल्ले के प्रेरक मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि भगवद् गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं,बल्कि जीवन को सार्थक बनाने का मार्गदर्शन है।

यह हमें कर्तव्य,संतुलन और आत्मबल का वास्तविक ज्ञान प्रदान करती है। उन्होंने छात्रों को गीता के सतत प्रासंगिक ज्ञान, जीवन में उसकी उपयोगिता और आत्मशक्ति की समझ से परिचित कराया। इसके पश्चात महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मायाराम चौहान ने छात्रों को गीता जयंती का महत्व समझाते हुए गीता के 15वें अध्याय पुरुषोत्तम योग की गहन व्याख्या प्रस्तुत की।

इस दौरान विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरक वीडियो फिल्म भी प्रदर्शित की गई जिसमें अध्याय के सार को सरल और प्रभावी रूप में दर्शाया गया। कार्यक्रम में डॉ मायाराम चौहान ने सम्पूर्ण गीता सार विद्यार्थियों को सरल भाषा में समझाया।

उन्होंने कर्मयोग, आत्मबल और जीवन प्रबंधन पर केंद्रित कई महत्वपूर्ण श्लोकों का उल्लेख किया। प्रो चंद्रपाल रावत ने सभी अतिथिय,प्राध्यापकों व विद्यार्थियों आभार व्यक्त किया।

**एक नजर** सेवानिवृत निगम कर्मचारी अधिकारी का किया स्वागत ....

## निगम के 2 सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजन

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** नगर निगम बुरहानपुर में सहायक ग्रेड 02 बसंत पाटिल,विजय तिवारी आदि कर्मचारियो ने नगर निगम में 30 नवंबर 2025 को अपनी सेवा अवधि पूर्ण कर आज नगर निगम से सेवानिवृत हुए उन्हें सभी अधिकारी कर्मचारीयो ने भावभीनी विदाई दी। नगर निगम कार्यालय मे निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने सेवानिवृत कर्मचारियों का शाल श्रीफल भेंट कर उनके सुखमय जीवन की कामना कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी । नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने सहायक ग्रेड 02 बसंत पाटिल की सर्विस की सराहना की और कहा उन्होंने अपने जीवन के पूरे 42 वर्ष निगम को समर्पित किए हैं आप जैसे कर्मठ ईमानदार कर्मचारियों की कमी निगम को खलेगी।

30 नवंबर 2025 को निगम के 2 सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया। उन्होंने कर्मचारियों की उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें समारोह में सभी ने मिलकर इन कर्मचारियों के योगदान को याद किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का माहौल अत्यंत गरिमामय और भावुक रहा।

विभाग की दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण स्तंभ रहे उन्होंने बताया कि लंबे कार्यकाल में दोनों कर्मचारियों ने निष्ठा,समर्पण और ईमानदारी से सेवा की। समारोह में उनके कार्यों और उपलब्धियों को विस्तार से बताया गया,अधिकारियों के प्रयासों और नेतृत्व ने विभाग की प्रगति में अमूल्य योगदान दिया और उनके सम्मान का यह कार्यक्रम इसका प्रतीक बन गया। आवश्यकता पड़ेगी तो हमें उम्मीद है कि आप नगर निगम परिवार के लिए हमेशा तैयार रहोगे और मैं आपकी लंबी उम्र की मंगल कामना करता हु और आपको सेवानिवृत होने पर शुभकामनाएं भी देता हूं।

आप सभी निगम की सेवा में आपका बहुत योगदान है उसमें अपने अच्छा कार्य किया तथा नगर निगम में अपने उत्कृष्ट कार्य किया । आयुक्त श्री संदीप श्रीवास्तव ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का फुलहर देकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू ,लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल, सचिव प्रभारी वीरेंद्र रवाये , संदीप तिवारी,संपत्तिकर अधिकारी धीरेन्द्र सिकरवार ,प्र. राजस्व अधिकारी शशिकांत पवित्रे, निगम सचिव संजय शाह, श्याम श्रीवास्तव आदि निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।